तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 26 जून 2026

राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर



13 किसानों को खाद-बीज समय पर उपलब्ध...





14 रानी दुर्गावती का सर्वोच्च बलिदान पीढ़ियों को...





प्रवेश प्रारंभ

B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.

AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)

नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

मो.न. - 8103982557




## उमड़ रहे बादल पेश कर रहे खूबसूरत नजारे...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

वनांचल क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदलते ही प्रकृति का एक बेहद खूबसूरत रूप सामने आया है। पिछले कुछ दिनों से आसमान में उमड़-घुमड़ रहे काले-घने बादलों ने पूरे क्षेत्र को अपने आगोश में ले लिया है। पहाड़ों और घने जंगलों के बीच से होकर गुजरते बादलों के इन मनमोहक नजारों ने स्थानीय निवासियों सहित यहां से गुजरने वाले राहगीरों का मन मोह लिया है।

झमाझम बारिश के बीच जब आसमान से बादल नीचे ढलानों की ओर उतरते हैं, तो ऐसा लगता है मानो चारों तरफ सफेद मखमली चादर बिछ गई हो। ठंडी हवाओं के झोंकों और रिमझिम फुहारों ने लोगों को गर्मी से बड़ी राहत दी है। मौसम खुशनुमा होने के कारण लोग शाम के समय इन खूबसूरत नजारों का लुत्फ उठाने और तस्वीरें खींचने के लिए घरों से बाहर निकल रहे हैं। इस मानसूनी दस्तक से क्षेत्र के किसानों में भी भारी खुशी देखी जा रही है। खेतों में कृषि कार्यों की तैयारियों के लिए यह मौसम बेहद अनुकूल माना जा रही है।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक 28 को

छुरा। छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक 28 जून दिन रविवार को दोपहर 12:00 से गुरु घासीदास संस्कृतिक भवन न्यू राजेंद्र नगर विजेता कंपलेक्स के पीछे रायपुर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में



छत्तीसगढ़ के छत्तीसगढ़िया समाज की हो रही उपेक्षा के संबंध में चर्चा किया जाएगा। साथ ही विभिन्न समाज प्रमुखों द्वारा सरकार के सामने दिए जाने वाले मांगों को पर भी सरकार ने आज तक गंभीरता से नहीं लिया उसका चर्चा होगी। इस बैठक में छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ से जुड़े समस्त समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश के समस्त कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य जिला के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी तथा महिला प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी उपस्थित होंगे।

### जिले के पॉलीटेक्निक कॉलेज को राज्य में मिला 9वां स्थान

गरियाबंद। भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए राज्य के सभी 54 शासकीय एवं अशासकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों का गैप विश्लेषण, रैंकिंग एवं ग्रेडिंग के लिए मूल्यांकन किया गया। संस्थानों की अधोसंरचना, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा संबंधित दस्तावेजों के परीक्षण के बाद शासकीय पॉलीटेक्निक गरियाबंद को राज्य स्तर पर 9वां स्थान प्राप्त हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य ने क्यूसीआई मूल्यांकन प्रक्रिया में योगदान देने वाली टीम को बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता संस्थान में गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) देश की राष्ट्रीय गुणवत्ता संवर्धन एवं मान्यता संस्था है, जिसकी स्थापना उत्पादों, सेवाओं और प्रक्रियाओं के स्वतंत्र एवं विश्वसनीय तृतीय पक्ष मूल्यांकन प्रणाली विकसित करने के लिए की गई है।

### श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं से 1792 श्रमिक परिवारों को मिला लाभ

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में पुलिस परेड ग्राउंड, गरियाबंद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रदेश के 21 जिलों के 1 हजार 792 निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवारों को कुल 2 करोड़ 25 लाख 18 हजार 389 रुपये की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, सचिव सह श्रमायुक्त हिमशिखर गुप्ता तथा सचिव गिरिश कुमार रामटेके के मार्गदर्शन में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। गरियाबंद जिले के 58 निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 26 लाख 80 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई, जिसे डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किया जाएगा। श्रम ▶▶|शेष पेज 12 पर

कार्रवाई : मुखबिर की सूचना पर रात में पुलिस ने की घेराबंदी, 8.78 लाख की संपत्ति जब्त

# 280 बोरी डीएपी खाद से भरा मेटाडोर जब्त सीनापाली से जांगड़ा खपाने की थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खरीफ सीजन के बीच किसानों के लिए बेहद जरूरी डीएपी खाद की कालाबाजारी और अवैध परिवहन पर देवभोग पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। ओड़िशा सीमा से लगे मैनपुर क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम तेतलखुटी में पुलिस ने घेराबंदी कर 280 बोरी अवैध डीएपी खाद से भरे एक आईसर मेटाडोर को जब्त किया है। जब्त खाद और वाहन की कुल कीमत 8 लाख 78 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने जब्त खाद को आगामी वैधानिक कार्रवाई के लिए कृषि विभाग के सुपुर्द कर दिया है। गरियाबंद पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, किसानों के हितों की सुरक्षा और कृषि सामग्री की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत थाना देवभोग को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी। सूचना में बताया गया कि तेतलखुटी के रास्ते एक आईसर मेटाडोर (वाहन क्रमांक सीजी 07 सीके 3719) के माध्यम से बड़ी मात्रा में डीएपी खाद का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही देवभोग पुलिस ने तत्काल टीम भेजकर तेतलखुटी में घेराबंदी की और संदिग्ध वाहन को रोककर जांच की।



**दस्तावेज नहीं दिखा पाया चालक, 126 क्विंटल खाद जब्त**

वाहन की तलाशी लेने पर उसमें डीएपी खाद की कुल 280 बोरियां बरामद हुईं। प्रत्येक बोरी में लगभग 45 किलोग्राम खाद भरी हुई थी। इस प्रकार वाहन से कुल 12,600 किलोग्राम (126 क्विंटल) डीएपी खाद बरामद की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 3,78,000 रुपये है। वाहन चालक युधिष्ठिर दनता (42 वर्ष), पिता भोट राम दनता, निवासी ग्राम इन्दागांव से जब खाद के परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज और बिल मांगे गए, तो वह कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने 3.78 लाख की खाद और करीब 5 लाख रुपये कीमत के मेटाडोर वाहन (कुल कीमत 8,78,000 रुपये) को विधिवत जब्त कर लिया।

**भाड़े के चक्कर में फंसा चालक, उरमाल के व्यापारी का नाम आया सामने-** पकड़े गए वाहन चालक ने पूछताछ में एक बड़ा खुलासा किया है। चालक ने बताया कि उसने महज 8 हजार रुपये के किराए के चक्कर में उरमाल (मैनपुर क्षेत्र) के एक लाइसेंसी खाद व्यापारी के कहने पर यह अवैध परिवहन शुरू किया था। इस खाद को ओड़िशा के सीनापाली से छत्तीसगढ़ के जांगड़ा ले जाया जा रहा था, जहां इसे एक मक्का कारोबारी को सप्लाई किया जाना था।

**मुनाफाखोरी के लिए खाद की कालाबाजारी का खेल-** दरअसल, इस बार वैश्विक युद्ध और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के चलते रासायनिक खाद का उत्पादन ▶▶|शेष पेज 12 पर

## जौंदी में ग्रामसभा के दौरान बवाल, उपसरपंच की पिटाई, कपड़े फाड़े

**नवापारा-राजिम।** नवापारा थाना क्षेत्र के ग्राम जौंदी के उपसरपंच के साथ मारपीट का वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि हरिभूमि नहीं करता है। परंतु ये घटना गांव में आयोजित ग्रामसभा बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची और हितग्राहियों के नामों को लेकर चर्चा चल रही थी उसी समय विवाद उत्पन्न हो गया और उपसरपंच के साथ मारपीट होने लगी। उपसरपंच ने सरपंच पुत्र सहित कई लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, 24 जून 2026 को ग्राम पंचायत जौंदी में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में इसी दौरान सूची में कुछ नाम शामिल नहीं होने के मुद्दे पर विवाद खड़ा हो गया और माहौल तनावपूर्ण हो गया। उपसरपंच पोखन यदु ने आरोप लगाया है कि बैठक के दौरान उन पर गलत तरीके से लोगों के नाम सूची से हटाने का आरोप लगाया गया। जब उन्होंने अपनी बात रखने का प्रयास किया तो सरपंच पुत्र समेत उसके साथ मौजूद लोगों ने उनका कॉलर पकड़ लिया, गाली-गलौज की और बैठक में मौजूद लोगों के सामने मारपीट शुरू कर दी। उपसरपंच का कहना है कि इस दौरान उनके कपड़े भी फाड़ दिए गए और उन्हें शारीरिक चोटें पहुंचाई गई। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि घटना के दौरान कुछ लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाया तथा उनके साथ की गई मारपीट और अपमानजनक व्यवहार को जानबूझकर रिकॉर्ड किया गया। उपसरपंच का कहना है कि पंचायत की पूर्व बैठकों में भी उनके साथ दुर्व्यवहार और मारपीट का प्रयास किया जा चुका है। नवापारा पुलिस जौंदी गांव के इस मामले की जांच में जुट गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सुरसाबांधा में 31 एकड़ शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके के निर्देश पर एसडीएम विशाल महाराणा के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पंचायत सुरसाबांधा में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की उपस्थिति में लगभग 31 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए अवैध



कब्जाधारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया तथा भूमि को पुनः शासकीय अभिलेखों के अनुसार सुरक्षित किया गया। इस कार्रवाई के दौरान राजिम तहसीलदार डिम्पल ध्रुव, थाना प्रभारी अमृत लाल साहू, संबंधित राजस्व ▶▶|शेष पेज 12 पर

## अव्यवस्था की भेंट चढ़ा छुरा का स्वास्थ्य केंद्र मरीज निजी अस्पतालों के चक्कर काटने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोगों के स्वास्थ्य के लिए एक मात्र साधन है किंतु यहां डॉक्टर की कमी होने की वजह से अब यह सिर्फ कार्यालय रह गया है,यहां पर वर्तमान में 6 से 7 डॉक्टर की प्रतिस्थापना होनी चाहिए किंतु मात्र तीन डॉक्टर ही सेवाएं दे रहे हैं साथ ही साथ एक डॉक्टर जो बीएमओ का प्रभार देख रहे हैं उन्हें प्रशासनिक के अलावा अन्य कार्य पर देखना पड़ता है इससे अंदाज लगाया जा




सकता है कि स्वास्थ्य सेवाओं का क्या हाल है और इसका असर सभी सेवाओं पर पड़ रहा है क्योंकि डॉक्टर को लगता है कि हम तो इमरजेंसी ड्यूटी किए हैं इसलिए ओपीडी में विलंब भी जाएंगे तो चलेगा और इसका असर यह होता है कि लगभग 9:00 बजे की ओपीडी 9:30 बजे शुरू हो रहा है इसका असर यह होता है कि अस्पताल में पूरा भीड़ हो जाता है और बाकी स्टाफ भी उनके ही समय का फॉलो करने लगे हैं जिससे मरीज को प्राइवेट अस्पताल की ओर रुख करना पड़ रहा है और शासन की मंशा के अनुरूपों है स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, साथ ही साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टर एवं महिला ▶▶|शेष पेज 12 पर

27 से 29 जून तक आयोजित होगा त्रिविध महोत्सव

# सोनपैरी आश्रम में कबीर जयंती महोत्सव 27 को कर्नाटक के राज्यपाल व सीएम साय होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

महान संत, समाज सुधारक एवं मानवता के अमर पुजारी संत शिरोमणि सतगुरु कबीर साहेब की जयंती सोनपैरी आश्रम में अभूतपूर्व श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ मनाई जाएगी। 27 जून से 29 जून तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय महोत्सव की तैयारियां आश्रम परिसर में युद्धस्तर पर चल रही हैं। आश्रम को आकर्षक ढंग से







**28 जून को जुटेंगे संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी**

आश्रम प्रभारी देवकर साहेब ने बताया कि 28 जून को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक, प्रांत संघचालक सहित संघ के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनके मार्गदर्शन में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष विचार-विमर्श किया जाएगा। बताया कि पूज्य राष्ट्रीय संत असंग देव महाराज ने प्रदेश एवं देशवासियों से इस आध्यात्मिक महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि संत कबीर के विचार आज भी समाज को एकता, प्रेम, भाईचारे और मानवीय मूल्यों का मार्ग दिखाते हैं। ऐसे में यह महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायी उत्सव साबित होगा। सोनपैरी आश्रम में होने जा रहा यह तीन दिवसीय आयोजन क्षेत्र के सबसे बड़े आध्यात्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में से एक माना जा रहा है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में अभी से भारी उत्साह और उत्सुकता देखने को मिल रही है।





सजाया जा रहा है और देशभर से आने वाले संत-महात्माओं तथा श्रद्धालुओं के स्वागत की व्यापक व्यवस्था की जा रही है। सोनपैरी आश्रम के प्रभारी देवकर साहेब ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि मानवता, समरसता और सामाजिक जागरण का विराट संगम होगा। महोत्सव में कर्नाटक ▶▶|शेष पेज 12 पर

## आपातकाल की बरसी पर भाजपा ने निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

आपातकाल की बरसी के पूर्व बुधवार की संध्या राजिम के पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा मशाल रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता ,नागरिको सहित मातृशक्तियां भी शामिल हुई। रैली की शुरूआत गायत्री मंदिर परिसर से हुआ जो पं सुंदरलाल शर्मा चौक तक पहुंचा। रैली का नेतृत्व विधायक रोहित साहू एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय था, जिसमें नागरिक अधिकारों का हनन किया गया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकार ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा एवं संविधान के मूल्यों को बनाए रखने के लिए आपातकाल की घटनाओं को याद रखना आवश्यक है। मशाल रैली के माध्यम से लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को नमन करते हुए युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। रैली गायत्री मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सुंदरलाल शर्मा चौक पहुंची, जहां लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**महासमुंद।** करणी कृपा गेट के आगे मेन रोड एनएच 53 पर एक ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। तुमगांव पुलिस ने बताया कि आशीष कुमार पिता नरेश तांती (26 वर्ष) फुल्काम थाना जमालपुर जिला मुंगेर बिहार घर जाने के लिए 24 जून को प्लांट से सुबह 06.30 बजे निकला था करणी कृपा गेट के आगे मेन रोड एनएच 53 पर रायपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 09 जेबी 2863 के चालक के द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाते हुए आशीष कुमार को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध तुमगांव थाना में धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### डिवाइडर से टकराकर युवक की मौत

**महासमुंद।** सांकरा पेट्रोल पंप के पास डिवाईडर से बाइक के टकरा जाने से नाबालिग की मौत के मामले की सांकरा पुलिस ने जांच की। पुलिस ने बताया कि थाना सांकरा के मर्ग क्रमांक 14/26 धारा 194 बीएनएसएस जांच की जांच की गई। जांच में पुलिस ने घटना के समय मृतक उमेश कुमार यादव पिता तेज कुमार यादव (16 साल) बेलारी थाना सलिहा जिला बलौदाबाजार छग के साथ में रहे रामप्रसाद यादव पिता मिलउ राम यादव (17 साल) गबोध से पूछताछ की गई। जिसने अपने कथन में बताया कि दिनांक 09.02.2026 को ग्राम सांकरा में शादी के कार्यक्रम में गये थे, वहीं पर उमेश यादव के किराया के मकान रहने से मेरे दोस्त करन मिर्धा के मोटर सायकल को जिद कर मांग कर उसे भी साथ लेकर एनएच 53 रोड के तरफ ले गये और मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चला कर सांकरा पेट्रोल पंप के पास डिवाईडर में टकराकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे उमेश की मौत हो गई और मुझे जबड़े पर चोट आई। मामले में धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### कार चालक के ब्रेक लगाने से पीछे आ रहा बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** कार चालक के अचानक ब्रेक लगा देने से उसके पीछे आ रहा एक बाइक चालक टकराने से घायल हो गया। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी मुजाहिद अली ने बताया कि वह जिला न्यायालय में वकालत करता हैं। 15 जून को अपने स्वयं के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीके 1029 में कालिंदी नर्सिंग अकेडमी के सामने दूध डेयरी से दूध लेकर वापस घर जा रहा था, रात्रि करीबन 08.30 बजे स्टेशन रोड स्थित एक होटल के पास पहुंचा था, तभी उसके सामने चल रहे कार क्रमांक सीजी 06 जीएन 9200 के चालक द्वारा अपनी कार का ब्रेक लगा दिया, जिससे वह अनियंत्रित होकर उसकी कार से टकरा कर गिर गया। गिरने से उसे चोट लगी। जब उसने कार चालक के पास जाकर कहा कि आप अपने कार को अचानक ब्रेक क्यों लगाये हो। इस पर कार चालक द्वारा प्रार्थी साथ दुर्व्यवहार कर गाली गलौज किया।

# कुम्हड़ई खुर्द में घटिया सीसी रोड निर्माण की शिकायत पर जांच करने पहुंची टीम

**4 सदस्यीय दल ने मौके पर लिया सड़क का मेजरमेंट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं जवाबदेह निराकरण का माध्यम बन रही है। इसका ताजा उदाहरण गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हड़ई खुर्द में देखने को मिला, जहां सीसी सड़क निर्माण में कथित अनियमितता एवं गुणवत्ताहीन कार्य की शिकायत पर जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच टीम गठित की। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में ग्राम निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद जिला मुख्यालय से चार सदस्यीय जांच दल देवभोग पहुंचा और मौके पर जाकर निर्माणाधीन एवं निर्मित सीसी सड़क का भौतिक सत्यापन किया। जांच टीम ने सड़क निर्माण स्थल का निरीक्षण कर गुणवत्ता, लंबाई, चौड़ाई तथा अन्य तकनीकी मानकों का परीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य से जुड़े दस्तावेजों का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों तथा संबंधित पक्षों से चर्चा कर शिकायत के विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी जुटाई। **रिपोर्ट के बाद तय होगी आगे की कार्रवाई-** जांच दल द्वारा तैयार प्रतिवेदन मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल में अपलोड किया जाएगा तथा वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा जाएगा। रिपोर्ट में यदि किसी प्रकार की अनियमितता या गुणवत्ता संबंधी कमी सामने आती है तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से आम नागरिक अपनी शिकायत सीधे शासन तक पहुंचा सकते हैं। कुम्हड़ई खुर्द की यह जांच एक बार फिर दर्शाती है कि हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों पर प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।



**रिपोर्ट के बाद दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई**

जिला पंचायत गरियाबंद के एसडीओ एवं जांच दल के सदस्य नवीन चंद्राकर ने बताया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत के आधार पर टीम मौके पर पहुंची है। उन्होंने कहा कि शिकायत के प्रत्येक बिंदु की निष्पक्ष जांच की जा रही है। सड़क का विस्तृत मेजरमेंट लिया गया है और उसके आधार पर प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर सड़क किनारे शोल्डर संबंधी कमियां दिखाई दी हैं, जहां भराई कार्य की आवश्यकता महसूस हुई है। वहीं कुछ अन्य तकनीकी पहलुओं की भी जांच जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। मेजरमेंट एवं तकनीकी परीक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप है या नहीं।

ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग और यातायात उल्लंघनों पर लगातार कार्रवाई करने के दिए निर्देश

# सड़कों से आवारा पशुओं को हटाएं ब्लैक स्पॉट सुधारें : रूपकुमारी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजिम विधायक रोहित साहू, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक धुरव, जिला पंचायत के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, समिति के सदस्यगण तथा कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, वनमण्डलाधिकारी शशिगानंदन के, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्णकुमार उके, डीएसपी सुश्री लितेश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में सड़क सुरक्षा संबंधित विभिन्न कार्यप्रणाली एवं जिले में सड़क सुरक्षा क्रिया-कलापों, सड़क दुर्घटना के कारणों को पहचानना, ब्लैक स्पॉटों की पहचान तथा सुधार से संबंधित कार्य गति सीमा और यातायात को सुचारू बनाने के उपायों, सड़क सुरक्षा अभियान को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया गया। सासंद रूपकुमारी चौधरी ने जनता की सुरक्षा व दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए स्पीडिंग, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित आदि सड़क सुरक्षा के मानक नियमों के संबंध में लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों के बीच अधिक से अधिक जानकारी व प्रचार-प्रसार करने को कहा। उन्होंने स्कूल, कॉलेज में छात्र-छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा व यातायात नियम के अनुपालन संबंधित जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए। **घायलों की जान बचाने वाले राहवीरों को मिलेंगे 25 हजार और प्रशस्ति पत्र-** डीएसपी लितेश सिंह ने बताया कि राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर के दौरान अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में मदद करने वाले को 25 हजार की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। इसके अलावा प्रत्येक वर्ष चयनित 10 सर्वश्रेष्ठ राहवीरों को राष्ट्रीय स्तर पर 1 लाख की अतिरिक्त पुरस्कार राशि एवं सम्मान से नवाजा जाता है। सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए नई केंद्र सरकार की पीएम राहत योजना फरवरी 2026 में शुरू हुई पीएम राहत (रोड एक्सीडेंट विक्टिम हॉस्पिटेलाईजेशन एण्ड एस्योर्ड ट्रीटमेंट) योजना के तहत सड़क दुर्घटना के पात्र पीड़ितों को दुर्घटना के बाद 7 दिनों तक 1 लाख 50 हजार तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाता है।

**मरम्मत कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

बैठक के दौरान सांसद श्रीमती चौधरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित अधिकारियों को तत्कालीन व्यवस्था बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा



कि आमजन को आवागमन में किसी भी प्रकार की दिक्कते न हों, इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सड़कों और मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं के विचरण और बैठने से दुर्घटनाओं की संभावनाएं बनी रहती हैं। इसके लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाए, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि 01 जनवरी से 18 जून 2026 तक मोटर व्हीकल एक्ट के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसमें से 5 हजार 49 प्रकरण पर 48 लाख 75 हजार 100 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। इसी तरह ऑनलाईन ई-चालान के 670 प्रकरणों पर 13 लाख 40 हजार 300 रुपये शुल्क लिया गया है। ड्रंक एण्ड ड्राईव पर 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 441 प्रकरणों में कुल 40 लाख 2 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया है। जिले में सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए स्कूल, कॉलेज में यातायात प्रशिक्षण, हेलमेट रैली, नुक्कड़ नाकट, स्वास्थ्य एवं नेत्र प्रशिक्षण, प्रदर्शनी, हाट-बाजारों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# पीएम आवास सर्वे में नाम कटने से ग्रामीणों ने किया जनपद कार्यालय का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेष्वर

प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने से फिंगेश्वर क्षेत्र के ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने जनपद पंचायत फिंगेश्वर कार्यालय का घेराव कर जमकर प्रदर्शन कर रहे है ग्रामीणों का आरोप है कि पात्र होने के बावजूद उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सर्वे सूची में शामिल नहीं किया गया है। प्रदर्शन में 10 से अधिक ग्राम पंचायतों के लोग शामिल है। जनपद पंचायत फिंगेश्वर कार्यालय के बाहर उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब कोमा, पंडरीतरई, किरवई, रोबा, अरंड, फुलझर, बोड़की और जोगीडीपा समेत कई गांवों के सैकड़ों ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर पहुंच गए। ग्रामीणों ने पंचायतों पर लापरवाही बरतने और पात्र हितग्राहियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया, बताया कि 2.0 में ऑनलाइन सर्वे में इनका नाम नही है जब कि वे पात्र है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि सर्वे के दौरान कई जरूरतमंद परिवारों का नाम सूची में नहीं जोड़ा गया, जबकि अपात्र लोगों के नाम शामिल किए गए हैं। अपनी मांगों को लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने अधिकारियों से जवाब मांगना चाहा, लेकिन मौके पर कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला। अधिकारियों की अनुपस्थिति से नाराज ग्रामीणों ने जनपद पंचायत कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की और जल्द से जल्द पात्र परिवारों का नाम सूची में जोड़कर आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। फिलहाल ग्रामीणों की मांगों को लेकर प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है। अब देखना होगा कि पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रशासन क्या कदम उठाता है।

# जर्जर भवन के कारण 3 साल से दूसरे गांव में पढ़ने को मजबूर फुलबाहरा के नौनिहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्राम दादरगाव नया के आश्रित ग्राम फुलबाहरा में प्राथमिक शाला भवन पिछले दो से तीन वर्षों से जर्जर अवस्था में होने के कारण बच्चों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि उसमें बच्चों को बैठना सुरक्षित नहीं माना जा रहा है। परिणामस्वरूप प्राथमिक शाला के छात्र छात्राओं को मज़बूरी में लादनपारा के प्राथमिक शाला में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तरूण साहू, सदस्य केवल साहू, राजू ध्रुव, विजय नेताम, नरोत्तम बघेल, केशरी नागेश, फुलकुवर बघेल, दुलारी नायक, होरो बाई नायक, देवेन्द्र साहू सहित सभी लोगों का कहना है कि वर्षों से स्कूल भवन की समस्या बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। स्कूल भवन की जर्जर स्थिति को लेकर कई बार जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्राम पंचायत दादरगाव नया के सरपंच हेमलता ध्रुव ने बताया कि प्राथमिक शाला भवन लगभग दो से तीन वर्ष पहले पूरी तरह जर्जर घोषित हो चुका है। इसकी जानकारी प्रभारी मंत्री से लेकर कलेक्टर, शिक्षा विभाग एवं ब्लाक शिक्षा अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से दी गई है। लेकिन अब तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है। यदि जल्द ही प्राथमिक शाला के लिए नए भवन निर्माण की स्वीकृति नहीं दी गई और निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, तो ग्रामीण सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में गांव में लगातार बैठकों का दौर भी चल रहा है और ग्रामीण आगामी रणनीति तैयार कर रहे हैं।

# दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का फूटा गुस्सा कलेक्ट्रेट का घेराव कर दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले के विभिन्न आश्रमों एवं छात्रावासों (हॉस्टलों) में वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। बुधवार को जिलेभर के 300 से अधिक कर्मचारी एकजुट होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पांच दिनों के भीतर उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो वे 30 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले 10 से 15 वर्षों से जिले के विभिन्न आश्रमों एवं छात्रावासों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रूप में कार्यरत हैं। इतने लंबे समय तक लगातार सेवा देने के बावजूद न तो उन्हें नियमित किया गया और न ही उनकी सेवा सुरक्षा को लेकर कोई स्पष्ट नीति बनाई गई है।

कर्मचारियों का आरोप है कि कई कर्मचारियों को पिछले दो वर्षों से नियमित वेतन तक नहीं मिल पाया है। इस संबंध में जिला प्रशासन एवं आदिवासी विकास विभाग को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। कर्मचारियों ने बताया कि वे लगातार कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, जबकि उनकी आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। उनका कहना है कि नियुक्ति के समय उन्हें नियुक्ति आदेश जारी करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी अधिकांश कर्मचारियों को नियुक्ति आदेश उपलब्ध नहीं कराया गया है। इससे उनके भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि तत्कालीन सहायक आयुक्त नवीन भगत के कार्यकाल में जिले के विभिन्न आश्रमों एवं छात्रावासों में चपरासी सहित अन्य पदों पर भर्ती की गई थी। कर्मचारियों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया के तहत उन्हें कार्य पर रखा गया, लेकिन वर्षों बाद भी उन्हें नियमित वेतन, सेवा सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल सका। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अब कुछ कर्मचारियों को छात्रावासों से हटाने की कार्रवाई की जा रही है, जिससे उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी सात सूत्रीय मांगों पर पांच दिनों के भीतर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 30 जून से जिलेभर के आश्रमों एवं छात्रावासों में कार्यरत कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे।

**विपरीत हालातों से लड़ रहीं दो बहनें मोनिका और राधिका**

# माता-पिता की मौत के 10 साल बाद भी अनाथ कमार बेटियों की सुध लेने वाला कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

जंगलों और पहाड़ियों के बीच बसे ग्राम छतरपुर में दो ऐसी बेटियां हैं, जिनकी जिंदगी किसी किताब की कहानी से कम नहीं है। बचपन में ही माता-पिता का साया सिर से उठ गया। घर में न सहारा बचा, न मजबूत आर्थिक आधार। लेकिन इन हालातों के आगे झुकने के बजाय दोनों बहनों ने किताबों को अपना साथी और शिक्षा को अपनी ताकत बना लिया। विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समाज से आने वाली मोनिका कमार (कक्षा 11वीं) और राधिका कमार (कक्षा 9वीं) आज भी हर दिन स्कूल पहुंच रही हैं। गरीबी है, संघर्ष है, अभाव हैं, लेकिन सपनों की लौ अब भी जल रही है।विडंबना यह है कि जिन बच्चियों को शासन की योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ मिलना चाहिए था, वे आज भी अपने दम पर संघर्ष कर रही हैं। ग्रामीण बताते हैं कि माता-पिता के निधन के बाद लगभग दस साल बीत गए, लेकिन ग्राम पंचायत सचिव से लेकर जनपद पंचायत के सीईओ तक किसी ने यह जानने की जरूरत नहीं सम कि आखिर ये बच्चियां कैसे जीवन गुजार रही हैं, पढ़ाई कैसे कर रही हैं और किन परिस्थितियों से गुजर रही है। **सरकारी फाइलों में विकास, जमीन पर संघर्ष-** कमार जनजाति के उत्थान के लिए सरकार हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। बैठकों में योजनाएं बनती हैं, रिपोर्ट तैयार होती हैं, उपलब्धियों के दावे किए जाते हैं। लेकिन छतरपुर की इन दो बेटियों की जिंदगी उन दावों की हकीकत बयां कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी योजना का उद्घाटन हो, किसी निर्माण कार्य का भुगतान हो या किसी फाइल पर हस्ताक्षर करने हों तो अधिकारी-कर्मचारी तुरंत सक्रिय हो जाते हैं, लेकिन जब किसी अनाथ और जरूरतमंद बच्ची के भविष्य की बात आती है तो जिम्मेदारों की संवेदनशीलता कहीं खो जाती है।

**किताबों से बदलना चाहती हैं किस्मत**



कभी वनोपज और आखेट पर निर्भर रहने वाले कमार समाज की ये बेटियां अब शिक्षा के जरिए अपनी पहचान बनाना चाहती हैं। उनका सपना है कि पढ़-लिखकर आत्मनिर्भर बनें और अपने समाज के बच्चों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने।इनकी कहानी सिर्फ दो बहनों की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस जज्बे की कहानी है जो विपरीत परिस्थितियों में भी उम्मीद नहीं छोड़ता। साथ ही यह उस व्यवस्था से भी सवाल पूछती है, जो विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के बड़े-बड़े दावे तो करती है, लेकिन कई बार सबसे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने में नाकाम दिखाई देती है। जब माता-पिता नहीं रहे, तब इन बच्चियों का सहारा कौन बना? जब संघर्ष बढ़ा, तब किसने उनका हाथ थामा?और जब सरकार की योजनाएं इनके नाम पर बनीं, तब उनका लाभ आखिर कहां पहुंचा? छतरपुर की इन दो बेटियों की आंखों में आज भी सपने हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि वे अपने सपनों को किसी सरकारी मदद के भरोसे नहीं, बल्कि अपनी मेहनत और हौसले के दम पर पूरा करने की कोशिश कर रही हैं।

पेज 11 के शेष...

### 280 बोरी डीएपी ...

प्रभावित हुआ है, जिससे सहकारी सोसायटियों में सरकारी सप्लाई कुछ कम हुई है। इसी का फायदा उठाकर कुछ रसूखदार कारोबारी ज्यादा मुनाफाखोरी के चक्कर में नियमों को ताक पर रखकर खाद की कालाबाजारी को अंजाम दे रहे हैं।
कार्रवाई की जाएगी- थाना प्रभारी, देवभोग ने कहा की अवैध खाद और मेटाडोर को जब्त कर लिया गया है। इस अवैध परिवहन के पीछे मुख्य सूत्रधार कौन है और खाद कहां से लाई जा रही थी, इसकी विस्तृत जांच के लिए कृषि विभाग को प्रतिवेदन भेजा गया है। संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यापारी या बिचौलिए को बख्शा नहीं जाएगा, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सुरसाबांधा में 31...

निरीक्षक, हल्का पटवारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि शासकीय भूमि की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी ऐसे मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अव्यवस्था की भेंट...

डॉक्टर की प्रतिस्थापना होनी चाहिए जिसको लेकर समय-समय पर उच्च अधिकारियों से मांग की गई है किंतु अब तक नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को नहीं महिला चिकित्सक मिला और नहीं कोई विशेषज्ञ डॉक्टर मिला है वह भी यहां पर आयुष विभाग के डॉक्टर की सेवाएं लेना पड़ रहा है से अंदाज लगा सकते हैं कि डॉक्टर स्वास्थ्य विभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कागज पर संचालन कर रहा है बाकी इलाज के लिए डॉक्टर है कि नहीं यह शायद देखने की फुर्सत नहीं है।
**जिले का एक भी अस्पताल एफआरयू घोषित नहीं-** साथ ही साथ जिले के कोई भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एफ़आरयू नहीं है अगर शासन द्वारा घोषित करें तो उन्हें ऑटोमेटिक विशेषज्ञ सहित अन्य सुविधाएं मिलती है किंतु सबसे दुर्भाग्य का विषय है कि गरियाबंद जिले के एक भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एफ़आरयू की सुविधा नहीं है इससे अंदाज लगा सकते हैं कि स्वास्थ्य के प्रति शासन कितना समर्पित है, सबसे महत्वपूर्ण बात है की ओपीडी के समय पर चालू नहीं होने की वजह से अन्य स्टाफ के कर्मचारी भी उन्हें फॉलो करते हैं और सब समय सीमा का पालन नहीं किया जा रहा है। बीएमओ डॉ. राहुल नेताम ने कहा कि डॉक्टरों की कमी तो बनी हुई है इसका असर कहीं ना कहीं अस्पताल के संचालन में दिखता है किंतु समय का सबको ख्याल रखना चाहिए और इस संबंध में सभी को लिखित रूप से नोटिस भेजा जा रहा है की ओपीडी के समय का पालन करें।

### श्रम विभाग की विभिन्न ...

विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में दाई-दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना तथा मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना शामिल हैं।
श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि श्रमिकों एवं उनके परिवारों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, स्वरोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार हो रहा है।

### सोनपैरी आश्रम में...

के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। उन्होने बताया कि इस विशेष अवसर पर राष्ट्रीय संत असंग देव साहेब स्वयं उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### श्रीराम टोली का श्रीफल भेंटकर किया सम्मान

**महासमुंद।** शहर के स्वाध्याय केंद्र में आयोजित प्रभुद्धजन सम्मेलन में हम सबका श्रीराम टोली परिवार को श्रीफल भेंटकर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, प्रदेश मंत्री अमित साहू, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा व नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने सम्मान किया। टोली प्रभारी शरद मराठा ने बताया विगत तीन वर्षों से सनातन धर्म के प्रति दिन प्रभु श्रीराम के पहट के 5 बजे से 6.30 बजे तक नगर के चारों ओर श्रीराम जय राम जय जय राम का भजन कीर्तन कर पद यात्रा करते है, जो निरंतर आगे भी और भारी संख्या के साथ जारी रहेगी। इस अवसर पर टोली के सदस्य राजू यादव, भोलाराम विश्वकर्मा, मोहित भोई, प्रकाश भाई, उपमा ठाकुर, पुनिया यादव, दमयंती बाई, भारती साहू, सीमा यादव, आशा बाई, सरस्वती ध्रुव, तोषी राजपूत, आकांक्षा बावनकर, पार्षद कल्पना सूर्यवंशी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.सुमंत देंगे परामर्श

**बसना।** क्षेत्र के हृदय रोगियों के लिए राहत भरी खबर है। प्रदेश के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ एवं नारायणा एमएमआई हॉस्पिटल रायपुर के वरिष्ठ लीड कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.सुमंत शेखर पाढ़ी शनिवार 27 जून को अग्रवाल नर्सिंग होम, बसना मं सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान हृदय रोग संबंधी जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श प्रदान किया जाएगा। मरीजों के लिए 2डी ईको, टीएमटी (ट्रेडमिल टेस्ट), ईसीजी एवं कार्डियक मार्कर जांच की विशेष सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। सीने में दर्द, सांस फूलना, उच्च रक्तचाप, हृदय की धड़कन में अनियमितता, हार्ट फेलियर, हार्ट अटैक एवं अन्य हृदय संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीज इस अवसर का लाभ उठा पाएंगे।

### शहर में दो दिवसीस राज्य स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर 29 से

**महासमुंद।** युवाओं में खेल भावना, आत्मरक्षा कौशल, शारीरिक विकास, स्वच्छता के प्रति जागरुकता तथा नशामुक्ति एवं सामाजिक जागरुकता का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से 29 जून से 3 जुलाई 2026 तक मंगल भवन खैरा में राज्य स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस पांच दिवसीय आयोजन में प्रदेश के 19 जिलों से लगभग 400 प्रतिभागी, कोच एवं मैनेजर शामिल होंगे।

## मौसम : सुबह से लेकर शाम तक तेज धूप और उमस से लोग बेहाल

# शाम को घिर रहे काले बादल पर बिना बरसे ही लौट रहे, किसानों को झमाझम बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



10 जून के आसपास दस्तक देने वाले मानसून का इंतजार अब पच्चीस जून तक लंबा खिंच गया है। कैलेंडर के पन्ने पलटते जा रहे हैं, लेकिन आसमान से बरसने वाली बूंदों का इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। पंद्रह दिनों से अधिक का विलंब होने के बावजूद मौसम रोज उम्मीद जगाता है और फिर निराश कर देता है। सुबह से लेकर शाम तक तेज धूप और उमस लोगों को बेहाल कर रही है, जबकि शाम ढलते ही आसमान पर काले बादलों का ऐसा जमावड़ा दिखाई देता है मानो अब झमाझम बारिश होने ही वाली हो। लेकिन कुछ देर बाद ये बादल कहाँ गायब हो जाते हैं, इसका जवाब मौसम विभाग के पास भी नहीं है और आम लोगों के पास भी नहीं। क्षेत्र में इन दिनों एक अजीब स्थिति बनी हुई है। सुबह सूरज अपनी पूरी तपिश के साथ निकलता है और दिनभर धरती को तपाता रहता है। दोपहर के समय गर्म हवाएं और उमस लोगों का जीना मुश्किल कर देती हैं। शाम होते-होते आसमान में काले बादलों की लंबी कतारें दिखाई देने लगती हैं। दूर-दूर तक ऐसा दृश्य बनता है कि लगता है अब पानी की मोटी धारें बरसने वाली हैं, लेकिन बादल केवल उम्मीद दिखाकर आगे बढ़ जाते हैं। कहीं-कहीं कुछ मिनटों के लिए हल्की फुहार या रिमझिम बारिश होती है, जिसे ग्रामीण भाषा में फुहारा बारिश कहा जाता है, लेकिन इससे न तो धरती की प्यास बुझती है और न ही किसानों की चिंता कम होती है। गाँवों की चौपालों से लेकर शहर की गलियों तक मौसम ही चर्चा का मुख्य विषय बना हुआ है। बुजुर्गों का कहना है कि इस बार बादलों का स्वरूप सामान्य नहीं दिख रहा। सबसे अधिक चिंता किसानों के चेहरों पर दिखाई दे रही है। खरीफ सीजन की शुरूआत मानसून पर निर्भर करती है, लेकिन बारिश नहीं होने के कारण खेतों में अभी तक जुताई का काम रफ्तार नहीं पकड़ पाया है। क्षेत्र के किसानों ने ट्रैक्टर और कृषि यंत्र तैयार रखे हैं, लेकिन पर्याप्त नमी के अभाव में खेतों में काम शुरू नहीं हो पा रहा।

**जोखिम लेकर भी खेतों की ओर बढ़ने लगे अन्नदाता-** कुछ किसानों ने शुरूआती तैयारी कर ली है, परंतु बीज बोने का जोखिम उठाने को तैयार नहीं हैं। उन्हें डर है कि यदि हल्की बारिश के भरोसे बुवाई कर दी गई और बाद में पानी नहीं गिरा तो पूरा बीज खराब हो सकता है। धान उत्पादक क्षेत्र होने के कारण यहां के किसानों की नजरें विशेष रूप से आसमान पर टिकी हुई हैं। धान की खेती के लिए पर्याप्त पानी की आवश्यकता होती है। समय पर वर्षा नहीं होने से खेती का पूरा कैलेंडर प्रभावित होने लगा है। कृषि कार्यों में देरी का असर आगे चलकर उत्पादन पर भी पड़ सकता है। इधर शहरों और कस्बों में भी हालात बहुत राहत देने वाले नहीं हैं। दिनभर की तपिश के बाद रात में बादल छा जाने से उमस और अधिक बढ़ जाती है। बारिश नहीं होने के कारण वातावरण में नमी तो बढ़ रही है, लेकिन गर्मी कम नहीं हो रही। रातभर लोग बेचैनी महसूस कर रहे हैं। बिजली की खपत भी बढ़ गई है और कूलर-पंखे लगातार चलने के बावजूद राहत नहीं मिल रही। मौसम का यह अनिश्चित मिजाज अब लोगों की धैर्य परीक्षा लेने लगा है। हर शाम बादलों का आना और बिना बरसे लौट जाना लोगों के बीच चर्चा और चिंता दोनों का विषय बन गया है। किसान, मजदूर, व्यापारी और आम नागरिक सभी एक अच्छी और लगातार बारिश की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# किसानों को खाद-बीज समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें : रूपकुमारी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



■ मनरेगा, आवास और कृषि योजनाओं की हुई गहन समीक्षा

जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में सांसद एवं समिति की अध्यक्ष श्रीमती रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति तथा विकास कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में राजिम विधायक रोहित साहू, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, विभिन्न जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि, कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद श्रीमती चौधरी ने अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रगति प्रतिवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विकास कार्य केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहें, बल्कि दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में भी उनकी प्रभावी पहुंच सुनिश्चित की जाए। सांसद ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से ही योजनाएं धरातल पर सफलतापूर्वक उतर सकेंगी।

**मनरेगा, आवास और स्वच्छता योजनाओं की समीक्षा-** बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि मनरेगा अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 4,445 कार्यों में से 3,495 कार्य प्रगतिरत हैं तथा 72,529 परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के लिए स्वीकृत 4,208 व्यक्तिगत शौचालयों में से 2,774 का निर्माण पूर्ण हो चुका है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत 9,053 आवासों में से 4,052 आवास पूर्ण कर लिए गए हैं।

**किसानों को खाद-बीज की कमी नहीं होनी चाहिए-** समीक्षा बैठक में सांसद श्रीमती चौधरी ने कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उर्वरकों के भंडारण एवं वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने तथा शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# एकलव्य विद्यालय कोसमबुड़ा में वीरांगना रानी दुर्गावती को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा, छुरा में गुरुवार को गोंडवाना की वीरांगना रानी दुर्गावती की पुण्यतिथि पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर वीरांगना के बलिदान और संघर्षपूर्ण जीवन को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य, शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा रानी दुर्गावती के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करने के साथ हुई। दीप प्रज्वलन के पश्चात उपस्थित सभी ने मौन रहकर वीरांगना को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने रानी दुर्गावती के व्यक्तित्व, उनकी वीरता, प्रशासनिक कुशलता और मातृभूमि के प्रति समर्पण के विभिन्न पक्षों पर अपने विचार साझा किए। कक्षा 12वीं के छात्र नंद किशोर ने रानी दुर्गावती के शासनकाल में किए गए जनकल्याण के कार्यों और उनकी सूझबूझ पर प्रकाश डाला। कक्षा 11वीं की छात्रा चंचल मरकाम ने रानी के अदम्य साहस और मुगल सेना के विरुद्ध उनके अंतिम संघर्ष की गाथा को भावपूर्ण शब्दों में प्रस्तुत किया। भूगोल विषय की शिक्षिका चंद्रलेखा ने गोंडवाना क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में रानी दुर्गावती के योगदान को विद्यार्थियों के समक्ष रखा और बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपने राज्य की रक्षा के लिए कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में भी रणनीतिक नेतृत्व प्रदान किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन त्याग, बलिदान और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे रानी दुर्गावती के जीवन और संघर्ष से प्रेरणा लेकर एक बेहतर मनुष्य बनने का संकल्प लें तथा अपने जीवन में अनुशासन, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के मूल्यों को आत्मसात करें। उन्होंने यह भी कहा कि नई पीढ़ी को अपने ऐतिहासिक नायकों और वीरांगनाओं के जीवन से सीख लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी विषय के प्राध्यापक ललित कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित शिक्षकों, छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों ने रानी दुर्गावती के अदम्य साहस को स्मरण करते हुए राष्ट्र सेवा एवं समाज सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आदिवासी समाज ने वीरांगना रानी दुर्गावती को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आदिवासी समाज द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर रैली निकाल और अनेक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे श्रद्धाजंली अर्पित की गई साथ ही समाज को और अधिक संगठित करने चर्चा परिचर्चा आयोजित किया गया। इस मौके पर बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, डॉ. हीरा मीणा, लोकेश्वरी नेताम, महेन्द्र नेताम, रामकृष्ण ध्रुव, गेंदु यादव, निहाल नेताम, सोहन नागेश, गज्जु नेगी, सुभाश मरकाम, दामोदर नेगी, गगन नेगी एवं बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

# कौंदकेरा में प्राथमिक व मिडिल स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया

**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला सतनामी पारा, टेड़ाहीपारा कौन्दकेरा एवं पूर्व माध्यमिक कन्या शाला व बालक शाला कौंदकेरा में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सरपंच राधिका मनोज के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अन्तेश्वरी निराला प्रधान पाठक के द्वारा मां सरस्वती का सुमधुर वंदना गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि राधिका मनोज यादव सरपंच ग्राम पंचायत कौन्दकेरा, विशिष्ट अतिथि संकुल समन्वयक नरेश साहू, एम आर रात्रे संकुल प्राचार्य की अध्यक्षता में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मिठाई खिला कर स्वागत किया गया।पश्चात उन्हे पाठ्य पुस्तक,अभ्यास पुस्तक, निःशुल्क गणवेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर सरपंच राधिका मनोज यादव ने उद्बोधन मे विद्यार्थीयो का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हे नियमित रूप से पाठशाला आने के लिए प्रेरित किया। पालक गणएवं शाला विकास समिति के सदस्यों को शाला का निरीक्षण कर आवश्वकता को देखकर एस एम सी बैठक में बैठ कर चर्चा कर पूरा करने की बातें कही। प्राचार्य रात्रे सर द्वारा कहा कि शत प्रतिशत पालक गण की उपस्थिति शिक्षा के प्रति पालको की जागरूकता का परिचय देता है। इस अवसर पर रेखा साहू प्रभारी प्रधान पाठक बालक पूर्व माध्यमिक शाला कौन्दकेरा, भगवंतीन मंडल प्रधान पाठक, अन्तेश्वरी निराला प्रधान पाठक, खेलन यदु शिक्षक, कल्पना सेन शिक्षक, रेखा राजपुत शिक्षक, देविका वर्मा, बिमलेश निषाद सहायक शिक्षक, लक्ष्मीन साहू, शांति साहू सहायक शिक्षक, सुनीता चतुर्वेदी प्रधान पाठक, ममता विश्वकर्मा, ममता साहू, सरस्वती पटेल, ग्रामीण महिला अंबालिका साहू, चंद्रिका ढीढी, परमिला कुर्रे, रूपा भारती आदि उपस्थित थे।



## हरदी स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया गया

छुरा। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी में नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के कक्षा -6वीं में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों व शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा मां शारदे की पूजन, वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के शाला प्रवेश के उपलक्ष्य में वरिष्ठ छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मोहक प्रस्तुति दिया गया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया गया , नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को भविष्य निर्माण के लिए बधाई दिया साथ ही उपसरपंच रुपनाथ बंजारे ने शासन के द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क दी जाने वाली शैक्षिक योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच गोमती ध्रुव, अध्यक्षता चम्पा बाई कंवर, विशेष अतिथि उपसरपंच रुपनाथ बंजारे, भूतपूर्व सरपंच संतु राम ध्रुव, सचिव भुवनेश्वर ध्रुव, ग्राम कोटवार नारद मरकाम पंचगण शैल बाई कंवर, लता कंवर, दुलारी बाई, सावित्री बाई,खेम बाई, महेश्वरी कंवर, शिक्षकगण रुपसिंह ध्रुव, शांतिप्रभा मिंज, सुदामा प्रसाद लोधी, भृत्य गोवर्धन यादव शामिल थे।



### प्रवेशोत्सव पर छात्रों का स्वागत कर बांटे पुस्तक

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला स्टेशन पारा के शाला प्रांगण में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों को पारंपरिक रूप से फूल माला एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों का मुंह मीठा कराया गया। साथ ही गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारती राजेंद्र चंद्राकर पार्षद वार्ड 23 ने की। विशेष अतिथि कल्पना सूर्यवंशी पार्षद वार्ड 12 एवं शाला के विधायक प्रतिनिधि अभिषेक पांडे उपस्थित थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम गलती से फेनेश्वर/ Feneshwar (जन्म तिथि: 09/06/1994) दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक व सही नाम हिंदी में फनेश्वर (FANESHWAR) व सही जन्म तिथि 15/06/2005 है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम फनेश्वर (FANESHWAR) पिता जीवन निषाद, निवासी वार्ड क्रमांक 08, फिंगेश्वर गरियाबंद नाम से जाना व पहचान जाए।

भवदीय
आवेदक
फनेश्वर
(FANESHWAR)

**समक्ष :- श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय राजिम, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

**// शपथ पत्र //**

मैं देवानंद साहू उम्र 42 वर्ष, पिता श्री थनवार साहू, जाति-तेली, निवासी ग्राम-कपसीडीह (टेका) थाना व तहसील- राजिम जिला-गरियाबंद (छ.ग.) निम्नलिखित शपथ पूर्वक कथन करता हूं -

(1) यह कि, मेरा नाम, पिता का नाम, जाति, उम्र एवं पता उपरोक्तानुसार है।

(2) यह कि, मेरी पुत्री यामिनी का आधार क्र.- 6709 0683 7200 पर उनका नाम यामनी साहू पिता देवानंद साहू दर्ज है।

(3) यह कि, मेरी पुत्री की समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों पर उनका नाम यामिनी पिता देवानंद दर्ज है। तथा मेरी पुत्री के आधार कार्ड पर उनका नाम त्रुटि होने से विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पढ़ रहा है। तथा मै अपनी पुत्री के आधार कार्य पर उनके शैक्षणिक दस्तावेज व जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार उनका नाम सुधार कराना चाहता हूं। जिसके समर्थन में मै यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता- देवानंद साहू

**सत्यापन :-** मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ-पत्र की कंडिका- 1 से 3 के कथन सत्य है। अतः आज दिनांक को स्थान- राजिम में शपथ-पत्र को पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दी हूं।

दिनांक- 20/06/2026

शपथकर्ता- देवानंद साहू

न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रामाक्रं./202606220600002/
अ-21 (2)/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण एएसपी डेवलपर्स द्वारा पार्टनर मंगलचंद पंजवानी पिता घनश्याम दास पंजवानी निवासी गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) व अन्य 02 व्यक्तियों द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6-क) के अधीन आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम / नगर छुरा तहसील छुरा में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 223/1 रकबा 0.8066 हे. में से नगर एवं ग्राम निवेश द्वारा अनुमोदित ले आउट के अनुसार प्लाट नम्बर 13 क्षेत्रफल 105.62 वर्गमीटर व प्लाट नम्बर 18 क्षेत्रफल 108.09 वर्गमीटर को क्रमशः अनावेदकगण 1. महेन्द्र द्विवेदी पिता श्री ओमप्रकाश द्विवेदी निवासी छुरा 2. नागेद्र कुमार पिता श्री लेखन राम सेन निवासी छुरा तहसील छुरा के पक्ष में विक्रय/ अंतरण की अनुज्ञा बाबत आवेदन मान. न्यायालय कलेक्टर जिला गरियाबंद के समक्ष पेश किये है, जो जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) छुरा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था / शासकीय / अर्ध्दशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा / आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 13.07.2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा / आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद - मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
छुरा (छ.ग.)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

**मैनपुर।** विकासखंड मैनपुर के राजापड़ाव क्षेत्र ग्राम पंचायत अड़गडी के आश्रित गांव पेंड्रा और कोसुममुंडा में पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीण महीनों से एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। पेंड्रा गांव उमेश कुमार नेताम घर के सामने वाला हैंडपंप बोरिंग महीनों से खराब पड़ा है। वही कोसुममुंडा गांव में नल जल योजना पूरी तरह ठप हो गई है। नल सूखे पड़े हैं, टंकी में पानी नहीं आ रहा। सरकार की करोड़ों की योजना कागज पर सिमट कर रह गई। ग्रामीणों का कहना है कि नल तो लगा दिए गए, पर पानी के लिए ग्रामीण आज भी तरस रहे है। ग्रामीणों ने पीएचई, क्रेडा विभाग सहित जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल पेंड्रा में बिगडे.हैंडपंप का मरम्मत और कोसुममुंडा में नल जल योजना को चालू किया जाए। इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से संपर्क करने पर बहुत जल्द मरम्मत कराने की बात कही गई है।

### भीमसेनी एकादशी व्रत रख महिलाओं ने की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में भीमसेनी एकादशी पर व्रत (निर्जला) रखकर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। राम मंदिर में एकत्रित होकर महिलाओं ने व्रत के नियमों का पालन किया, कथा सुनी और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दिन बिना जल और अन्न ग्रहण किए 24 घंटे का उपवास रखा। महाभारत काल में पांडव पुत्र भीमसेन द्वारा इस व्रत को रखने के कारण इसे 'भीमसेनी एकादशी' भी कहा जाता है। इस दिन पानी से भरे घड़े (मटके), छाते और मौसम के फलों का दान करना बहुत पुण्यकारी माना गया है।

### ट्रेड सर्टिफिकेट के संबंध में परिवहन विभाग के निर्देश

**महासमुंद।** केंद्रीय मोटर यान नियम 1989 के नियम 33 से नियम 46 के तहत ट्रेड जारी करने एवं उपयोग करने के संबंध में जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला ने बताया कि नियम 35 (1) के तहत प्रारूप 17 में ट्रेड सर्टिफिकेट (व्यापार प्रमाण पत्र) जारी किया जाता है। जिसमें स्पष्ट रूप से शोरुम का पता अंकित होता है। निर्धारित स्थान से भिन्न स्थान में शोरुम का संचालन करते पाये जाने की स्थिति में वाहनों की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। अतः अन्यत्र स्थान पर बिना ट्रेड सर्टिफिकेट (व्यापार प्रमाण पत्र) के वाहन विक्रय नहीं किया जाना सुनिश्चित करें। अन्यथा संबंधित डीलर के ट्रेड सर्टिफिकेट (व्यापार प्रमाण पत्र) निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

## निधन

### फुलसिंग साहू

**छुईहा बेलर।** पतोरी निवासी फुलसिंग साहू पतोरी 84 वर्ष का निधन गुरूवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्ति थे। मृतक गांव के वरिष्ठ नागरिक व शिक्षक नंदकुमार साहू, प्रधान पाठक गिरिश साहू, डेमन साहू के पिता थे।



### जैनाबाई ध्रुव

**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम खैरझिटी निवासी जैनाबाई ध्रुव का 23 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गावं के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे रायसिंग ध्रुव की धर्मपत्नी तथा भगवान सिंह ध्रुव एवं भगवानी राम ध्रुव की माताजी थीं।



**दिवस :** आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र राजिम ने मनाया वीरांगना रानी दुर्गावती का शहादत दिवस

# रानी दुर्गावती ने अपने आत्मसम्मान के लिए मुगलों से डटकर मुकाबला किया : चंदूलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र राजिम के तत्वावधान में गढ़ा मंडला की शासिका, अदम्य साहस और शौर्य की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती का शहादत दिवस गौरव व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और रानी दुर्गावती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने रानी दुर्गावती के जीवन चरित्र और उनके ऐतिहासिक संघर्ष पर प्रकाश डाला। शहादत दिवस के इस गरिमामयी अवसर पर समाज में शिक्षा के प्रसार, युवाओं को सही दिशा देने और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया गया। समाज के प्रमुखों ने युवाओं से वीरांगना रानी दुर्गावती के पदचिह्नों पर चलने और अपने अधिकारों व संस्कृति के संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र राजिम जिला गरियाबंद की इकाई के द्वारा 24जून को राजिम स्थित यादव धर्मशाला में गोंडवाना महरानी वीरांगना रानी दुर्गावती की शहादत को समाज शहादत दिवस के रूप में बड़े धूम धाम से मनाया गया कार्यक्रम की शुरूआत इष्ट देव बूढ़ादेव की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ प्रारंभ हुआ तत पश्चात आमंत्रित अतिथियों का आगमन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चंदूलाल साहू अध्यक्ष छ ग राज्य भंडार गृह निगम, अध्यक्षता डागेश्वर ध्रुव अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र राजिम, विशेष अतिथि के रूप में महेश यादव अध्यक्ष नगर पालिका राजिम, इंद्रजीत माहड़िक जिला पंचायत सदस्य, गैंदराम ध्रुव पूर्व अध्यक्ष राजिम परिक्षेत्र,शत्रुघ्न ध्रुव वरिष्ठ समाज प्रमुख रहे।





**रानी दुर्गावती पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत-** राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि रानी दुर्गावती ने अपने आत्मसम्मान और मातृभूमि की रक्षा के लिए मुगलों की विशाल सेना से डटकर मुकाबला किया और अंतिम सांस तक झुकना स्वीकार नहीं किया। उनका बलिदान न केवल आदिवासी समाज बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। समाज की एकजुटता और कुरीतियों को दूर करने पर उन्होने बल दिया। रानी दुर्गावती एक वीरांगना थी जो अनेक बार मुगलों से युद्ध किए और अंत में अपने आप को खुद के हाथों से बलिदान कर दिया। इस अवसर पर समाज द्वारा पीली बाई का सम्मान हुआ जिसने समाज को जमीन दान किया है। कार्यक्रम के दौरान कलश शोभायात्रा निकली जिसमें खास बात घोड़े में रानी दुर्गावती का प्रतिरूप बनाकर नगर भ्रमण किया गया। जिसमें आदिवासी लोक कलाकारों द्वारा आदिवासी नृत्य के साथ शोभायात्रा में समा बांधा गया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र ध्रुव सचिव सर्कल परसदा जोशी ने किया। आभार लीलाराम ध्रुव अध्यक्ष सुरसाबांधा सर्कल ने किया।

**ये रहे शामिल -** कार्यक्रम में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र राजिम के अध्यक्ष, पदाधिकारी, सगा समाज के वरिष्ठ जन, मातृशक्ति और युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन गोड़ी नृत्य और रानी दुर्गावती अमर रहे के गगनभेदी नारों के साथ हुआ। तोरणलाल ध्रुव, कन्हैया ध्रुव, कल्याण सिंह ध्रुव, कमलेश ध्रुव, पुरुषोत्तम ध्रुव, संतुराम, रामाधार ध्रुव, विजय ध्रुव, नातून ध्रुव, जगदीश ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव, उदेराम ध्रुव, आरती ध्रुव, डोमन ध्रुव, घनश्याम ध्रुव, कालूराम ध्रुव, डोमन ध्रुव, किसलाल ध्रुव, यशवंत ध्रुव, संजय ध्रुव, भानु ध्रुव, छबिराम ध्रुव, यादराम ध्रुव, नेतराम ध्रुव, त्रिलोक ध्रुव, डागेश्वर ध्रुव, डोमेश्वर ध्रुव, राकेश ध्रुव, उमराव ध्रुव, कामता ध्रुव, उमेंदी ध्रुव, रूपसिंग ध्रुव, प्रखर ध्रुव, धनंजय ध्रुव, मंजू ध्रुव, सीमा ध्रुव, इंदु ध्रुव, पीलाबाई ध्रुव, नीरा ध्रुव, सविता ध्रुव सहित समाज के पदाधिकारीगण एवं भारी संख्या में सगा समाज उपस्थित रहे।

# रानी दुर्गावती का सर्वोच्च बलिदान पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता रहेगा : ओंकार शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के तत्वावधान में वीरांगना महारानी रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस छुरा नगर में बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर नगर में विशाल रैली निकाली गई तथा मिनी स्टेडियम में भव्य सभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में समाजजन, महिला-पुरुष, युवा एवं वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ वीरांगना रानी दुर्गावती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात उपस्थित समाजजनों ने रानी दुर्गावती अमर रहें, जय गोंडवाना और आदिवासी समाज एकता जिंदाबाद के जयघोष के साथ वीरांगना की अदम्य वीरता, शौर्य और बलिदान को नमन किया। पूरे कार्यक्रम स्थल पर पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित समाजजनों ने सांस्कृतिक एकता और गौरव का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व

**छुरा में धूमधाम से मनाया गया वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस**





विधायक बिंद्रानवागढ़ एवं आदिवासी विकास परिषद छुरा के अध्यक्ष ओंकार शाह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का स्वर्णिम इतिहास वीरांगना रानी दुर्गावती जैसी महान विभूतियों के शौर्य, पराक्रम और त्याग से गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया और विदेशी आक्रांताओं के सामने कभी भी आत्मसमर्पण नहीं किया। उनका सर्वोच्च बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रप्रेम, साहस और स्वाभिमान की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने समाजजनों से रानी दुर्गावती के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

**सामाजिक एकता, शिक्षा और संस्कृति के संरक्षण पर दिया जोर-** मुख्य वक्ता एवं राजस्थान से पहुंचे राष्ट्रीय प्रवक्ता, पूर्व प्राध्यापक दिल्ली विश्वविद्यालय हीरा मीणा ने कहा कि आदिवासी समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी एकता है। समाज में जन्मे महापुरुषों, वीर योद्धाओं और जननायकों ने सदैव एकजुट होकर समाज और राष्ट्र की रक्षा की है। कार्यक्रम में यशपेंद्र शाह राजमहल छुरा, माहेश्वरी शाह, तोकेश्वरी मांझी, केसरी धुव्र, पन्नालाल ध्रुव, नीलकंठ ठाकुर, बीसेराम जगत, सियाराम ओटी, चैतुराम नेताम, दयालु कुंजाम, तिहार सिंह नेताम, बुधराम मरकाम, भगवान सिंह मरकाम, मूलसिंह धुरवा, खाम सिंह नेताम, संतान सिंह नेताम, श्यामलाल सोरी (संरक्षक), लक्ष्मण नेताम, पुरण सिंह ठाकुर (जिला अध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज), रंजीत सिंह ठाकुर, नोहर सिंह ध्रुव सहित अनेक सामाजिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए, जिससे पूरा मिनी स्टेडियम खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक जागेश्वर ध्रुव ने किया। अंत में समाज की एकता, सांस्कृतिक संरक्षण एवं सामाजिक उत्थान के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# नशामुक्त समाज का निर्माण पहली प्राथमिकता : टीआई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

नशे के विरुद्ध जनजागरण और युवाओं को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से मंगलवार को ग्राम बेलर में भव्य नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान एवं छत्तीसगढ़ नशा मुक्ति अभियान के तहत निकाली गई। रैली का नेतृत्व पुलिस थाना फिंगेश्वर के प्रभारी चिंता राम देशमुख, संकल्प साहू, हाई स्कूल बेलर के प्राचार्य कमल पांडे, ग्राम सरपंच सुमन लेखराम रात्रे तथा महिला बिहान समूह की रेखा साहू ने किया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों, स्कूली छात्रों, शिक्षकों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी चिंता राम देशमुख ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को शराब, गांजा, तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट सहित अन्य मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज का निर्माण करना है। कार्यक्रम में थाना प्रभारी चिंता राम देशमुख, संकल्प साहू, प्राचार्य कमल पांडे, सरपंच सुमन रात्रे, लेखराम रात्रे, कुलदीप साहू, अश्वनी साहू, नंदनी यादव, पूर्णिमा यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पीएमश्री स्कूल सोमवारी बाजार में तिलक-वंदन के साथ नवप्रवेशी बच्चों का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

- चॉकलेट देकर बच्चों का बढ़ाया उत्साह, नियमित अध्ययन का दिया संदेश

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सोमवारी बाजार में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद नम्मू नारायण ध्रुव, वार्ड क्रमांक 16 की पार्षद एवं सभापति निर्मला साहू तथा विधायक प्रतिनिधि धीरज साहू विशेष रूप से शामिल हुए। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक-वंदन कर एवं चॉकलेट भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है और विद्यालय में प्राप्त ज्ञान उन्हें जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाएगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानपाठक युगेंद्र खेलारे, शिक्षिका कविता चक्रधारी, अरुणा नारंग, पुष्पेंद्र साहू सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## पितईबंद स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव

राजिम। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पितईबंद में नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कराकर पुष्पहार से स्वागत किया गया। प्राचार्य राजेन्द्र नाग ने पालकों से आग्रह किया कि बच्चों की पढ़ाई में जरूर ध्यान देवे। संकुल समन्वयक किरण साहू ने कहा कि सरकारी विद्यालय में भी अच्छी पढ़ाई होती है शिक्षक बहुत ही मेहनत करते है इसी का परिणाम है कि हमारे ब्लाक से नवोदय विद्यालय में 20 में 17 बच्चों का चयन सरकारी विद्यालय से हुआ है। सरपंच प्रतिनिधि सहदेव बंजारे ने कहा कि विद्यालय में प्रवेश के साथ जीवन की नई शुरूवात हो रही है। बच्चे अपने माता पिता और गुरु का सम्मान करे। साथ ही सभी कक्षाओं में उत्कृष्ठ स्थान लाने वाले बच्चों को सम्मान करने की बात कही। सरपंच गोदावरी बंजारे ने कहा हमेशा अच्छे विद्यार्थी बनने का प्रयास करना चाहिए ताकि निरंतर आगे बढ़ सके। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष साहू ने किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश बया, चोवा बंजारे, नंदू यदु ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विजय महोबिया ,सुनील कौशिक, शिक्षिका चंद्रप्रभा सोनवानी, योगेश्वरी साहू, आराधना नाग, भारती साहू, रुचि यादव, बसंती ध्रुव, जगदीश यादव, दानेश यदु, राजेश बंजारे, दयालु बंजारे, बालकिशन सोनवानी, बालकदास सहित पालक गण एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

**गंगा दशहरा गायत्री जयंती पर 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ**

# मन, बुद्धि और संस्कारों को पवित्र बनाती है गायत्री की ज्ञानगंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती के पावन अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा 9 दिवसीय गायत्री चालीसा पाठ का अनुष्ठान साधना बड़े ही श्रद्धा,भक्ति एवं आध्यात्मिक उत्साह के साथ हुआ। जिसमें 22 भाई-बहनो ने अपनी भूमिका निभाई वहीं 12 घंटे का अखंड गायत्री महामंत्र का जाप किया गया। संध्या बेला में सामूहिक आरती में बड़ी संख्या में मातृशक्तियां शामिल हुई। बताया कि गंगा दशहरा भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन माँ गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था, जो पवित्रता, जीवन और लोककल्याण का प्रतीक है। यह पर्व मानव जीवन में शुद्ध विचार, श्रेष्ठ आचरण और समाज हित की भावना विकसित करने का संदेश देता है। इसी दिन गायत्री जयंती भी मनाई जाती है। गायत्री को वेदमाता, देवमाता और विश्वमाता कहा गया है। गायत्री मंत्र को ज्ञान, विवेक एवं सदबुद्धि का स्त्रोत माना जाता है, जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करता है।युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों का उल्लेख करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गंगा दशहरा और गायत्री जयंती का संयुक्त पर्व आत्मशुद्धि, विचार क्रांति और लोकमंगल का महापर्व है। बाहरी गंगा जहां शरीर को स्वच्छ करती है, वहीं गायत्री की ज्ञानगंगा मनुष्य के मन, बुद्धि और संस्कारों को पवित्र बनाती है। इस अवसर पर गायत्री परिवार के सदस्यों ने समाज में नैतिकता, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, संस्कार संवर्धन और युग निर्माण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।





**विचार क्रांति और लोकमंगल का महापर्व-** युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों का उल्लेख करते हुए वरिष्ठ परिजनों ने कहा कि गंगा दशहरा और गायत्री जयंती का संयुक्त पर्व वास्तव में आत्मशुद्धि, विचार क्रांति और लोकमंगल का महापर्व है। बाहरी गंगा जहां मनुष्य के शरीर और बाह्य स्वरूप को स्वच्छ करती है, वहीं गायत्री की ज्ञानगंगा मनुष्य के मन, बुद्धि और संस्कारों को भीतर से पवित्र बनाती है।



## आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों की बैठक, सात सूत्रीय मांगों पर बनी सहमति

मुड़ागांव(कोरासी)। आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़, जिला शाखा गरियाबंद की जिला स्तरीय बैठक 24 जून को स्थानीय स्टेडियम परिसर में आयोजित की गई। बैठक में जिले भर से लगभग 400 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। संघ के सदस्यों ने अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर आवश्यक रणनीति तैयार करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक के उपरांत संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन कलेक्टर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग तथा पुलिस अधीक्षक गरियाबंद को सौंपा। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि यदि आगामी दिनों में प्रशासन द्वारा कर्मचारियों की मांगों के संबंध में संतोषजनक पहल नहीं की जाती है, तो जिले में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों ने एकजुटता के साथ अपनी मांगों के समर्थन में संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस दौरान संघ के जिला पदाधिकारी, कर्मचारी प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।